# नृत्य मणिपुरी –कोड 060
## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र*
## कक्षा –XII (2025 –26)

**समय – 2 घंटे** **अधिकतम अंक – 30**

**सामान्य निर्देश:**

- निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, जिनमें आंतरिक विकल्प शामिल हैं।
- **खंड- क** में 8 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनमें प्रत्येक 1 अंक का है।
- **खंड- ख** में 5 प्रश्न छोटे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 2 अंक का है।
- **खंड- ग** में 3 प्रश्न लंबे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 6 अंक का है।

| प्रश्न | खंड-क | अंक |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित में से कौन जगोई गुरु नहीं हैं?<br>a. सोनल मानसिंह<br>b. गोपी कृष्ण<br>c. कलामंडलम गोपी<br>d. अमूबी सिंह | 1 |
| 2. | ____________ मणिपुरी पारंपरिक नृत्य नाट्य है।<br>a. यक्षगानम<br>b. सीता हरण<br>c. रास लीला<br>d. भागवत गीता | 1 |
| 3. | _______________ लाई हराओबा का परंपरागत संगीत वाद्ययंत्र है।<br>a. वायलिन<br>b. खोल<br>c. करताल<br>d. पेना | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से कौन सा रास 'श्री गोविंदजी मंदिर इम्फाल' में प्रस्तुत नहीं किया जाता है?<br>a. महा रास<br>b. कुंज रास<br>c. बसंत रास<br>d. नित्य रास | 1 |
| 5. | मणिपुरी में पारंपरिक 'महा रासलीला' की शुरुआत किसने की?<br>a. राजर्षि भाग्यचंद्र<br>b. बोधचंद्र<br>c. बाबू सिंह<br>d. कलावती देवी | 1 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 6. | खुबाक एशेई मणिपुर में ______________ त्योहार में प्रस्तुत किया जाता है।<br>a. होली<br>b. दुर्गा पूजा<br>c. रथ यात्रा (कांग)<br>d. झूलन यात्रा | 1 |
| 7. | मणिपुरी पारंपरिक 'रास-लीला' से पहले क्या प्रस्तुत किया जाता है?<br>a. नट संकीर्तन<br>b. ढोल चोलम<br>c. होली पाल<br>d. लाई हराओबा | 1 |
| 8. | अमैबिस (महिला पुजारी) ______________ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।<br>a. लाई हराओबा<br>b. रास लीला<br>c. अरीबा पाला<br>d. नाट संकीर्तन | 1 |
| | **खंड-ख** | |
| 9. | निम्नलिखित में से किसी एक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें:<br>i. ढोल चोलम<br>अथवा<br>ii. पुंग चोलम | 2 |
| 10. | 'नट संकीर्तन 'क्या है? मणिपुरी संस्कृति में इसके महत्व पर प्रकाश डालें।<br>अथवा<br>अभिनय के कितने प्रकार होते हैं? उनमें से किसी एक को परिभाषित करें। | 2 |
| 11. | निम्नलिखित में से किसी एक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें:<br>i. लाई हराओबा<br>अथवा<br>ii. माईबी जगोई | 2 |
| 12. | मणिपुर के 'महारास' का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें।<br>अथवा<br>अरीबा पाला का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें। | 2 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 13. | कबुई नागा नृत्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।<br><br>अथवा<br><br>माओ नागा नृत्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। | 2 |
| | **खंड-ग**<br><br>**(दिए गए विकल्पों में से <u>कोई दो</u> प्रश्न हल करें)** | |
| 14. | महारास तथा बसंतरास में क्या अंतर है? | 6 |
| 15. | मणिपुरी रासलीला की पारंपरिक वेशभूषा और श्रृंगार (मेकअप) का विस्तृत वर्णन करें। | 6 |
| 16. | अभिनय के कितने प्रकार हैं? मणिपुरी रासलीला के संदर्भ में संक्षिप्त व्याख्या करें। | 6 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।